आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.07.2026 / प्रादेशिक समाचार / / 11:00बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब से कुछ देर बाद सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये एक सौ 36वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के सभी चैनलों, ए.आई.आर. न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके अलावा ए.आई.आर. न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

जोशी–शिक्षा मंत्री

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी को नया शिक्षा मंत्री बनाया गया है। उन्हें उनके मौजूदा विभागों के साथ–साथ शिक्षा मंत्रालय की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रल्हाद जोशी फिलहाल उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का कार्यभार संभाल रहे हैं।

*प्रधानमंत्री जी ने विश्वास रख के इतना बड़ा जिम्मेदारी मेरे ऊपर दिया है उसको मैं पूरा विनम्रता के साथ और पूरा जिम्मेदारी के साथ में निभाऊंगा प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद*

मिंजर मेला

चम्बा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला आज से शुरू हो रहा है। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता इस 8 दिवसीय मेले का शुभारम्भ करेंगे। ऐतिहासिक लक्ष्मी नारायण मंदिर में मिर्जा परिवार की ओर तैयार मिंजर को राज्यपाल मंदिर में अर्पित करने के बाद शोभायात्रा भगवान रघुनाथ मंदिर पहुंचेगी और मेले का विधिवत शुभारंभ होगा। अतिरिक्त उपायुक्त अमित मेहरा ने बताया कि मेले के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और खेल गतिविधियां आर्कषण का केंद्र रहेगी।

वहीं पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी ने बताया कि मेले को शांतिपूर्ण व सुरक्षित ढंग से सफल बनाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

कारगिल–विजय दिवस

कारगिल विजय दिवस आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 1999 के करगिल युद्ध में देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है।यह दिन ऑपरेशन विजय की सफल और कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की ऐतिहासिक विजय का प्रतीक है। इस अभियान के दौरान, भारतीय सशस्त्र बलों ने जम्मू और कश्मीर के कारगिल जिले में उन क्षेत्रों को वापस हासिल किया था,

जिन पर पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों ने घुसपैठ की थी। मुख्य कार्यक्रम लद्दाख के द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व गृहमंत्री अमित शाह ने देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रधानमंत्री – वाइब्रेंट विलेज

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम साढ़े चार बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित कार्यक्रम–2026 के प्रतिभागियों से संवाद करेंगे। इस दौरान देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व कर रहे 400 से अधिक युवा प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम–2026का आयोजन पिछले महीने 4 से 30 जून तक दो चरणों में किया गया। इसके तहत लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के 74 वाइब्रेंट गांवों को शामिल किया गया।

किन्नौर कैलाश

पवित्र किन्नौर कैलाश यात्रा 30 जुलाई से शुरू होगी और 10 अगस्त तक चलेगी। जिला प्रशासन की ओर से कल इस सम्बन्ध में एक बैठक कर यात्रा बारे समीक्षा की गई। एसडीएम कल्पा व किन्नौर कैलाश यात्रा आयोजन समिति के अध्यक्ष पदम भारद्वाज ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण 28 जुलाई से शुरू होगा, जबकि ऑफलाइन पंजीकरण 30 जुलाई से किया जाएगा। इस वर्ष प्रतिदिन 375 श्रद्धालुओं को यात्रा की अनुमति दी जाएगी। हालांकि यात्रा की अवधि पूरी तरह मौसम की परिस्थितियों पर निर्भर रहेगी।

मैराथन

लाहौल स्पिति जिले में स्पीति मैराथन–2026 का आयोजन 28 व 30 अगस्त को किया जाएगा जिसमें देश व विदेश के धावक हिमालय की चुनौतीपूर्ण वादियों में अपनी प्रतिभा और साहस का प्रदर्शन करेंगे। भारतीय सेना की पहल से आयोजित यह प्रतियोगिता खेल के साथ –साथ स्पीति की प्राकृतिक सुंदरता , साहसिक पर्यटन और हिमालयी संस्कृति को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का एक अवसर भी है।

*मैराथन की शुरुआत 28 अगस्त को 77 किलोमीटर के कुंजुम चौलेंज से होगी। इसके बाद 30 अगस्त को 42.195 किलोमीटर फुल मैराथन, 21.1 किलोमीटर हाफ मैराथन और 10 किलोमीटर रन आयोजि की जाएगी। विजेताओं के लिए विभिन्न श्रेणियों में लाखों रुपये की पुरस्कार राशि भी निर्धारित की गई है। पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और आयोजकों ने अधिक से अधिक प्रतिभागियों से इस अनूठे आयोजन का हिस्सा बनने का आह्वान किया है।*

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के चार जिलों, कांगड़ा, शिमला, मंडी और सिरमौर में

बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इधर विभाग ने 28 से 30 जुलाई तक मॉनसून के फिर से रफ्तार पकड़ने की संभावना जताई है। जिसके तहत प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

————————————————————